# जन–सुनवाई कार्यवृत्त

भारत सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 व इसकी संशोधित अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत प्रस्तावित खनन परियोजना मैसर्स इण्डियन सिरेमिक्स, एम. एल. नम्बर 23/2023 (रेफरेन्स नम्बर 20231000087134), क्षेत्रफल 4.9797 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 4,56,200 टी.पी.ए. (रोम) (मार्केटेबल बॉल क्ले–2,02,500, सिलिका सेंड–88,400, ग्रेवल कंकर एवं मुर्ररम–88,400, कुल रिजेक्ट/सबग्रेड–22,500, कुल वेस्ट/ओबी–54,400), निकट ग्राम चक 1, गंगापुरा, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि क्लस्टर परियोजना {एम. एल. नम्बर 23/2023 (रेफरेन्स नम्बर 20231000087134), एम.एल. नम्बर 03/2019, एम.एल. नम्बर 16/2018} कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 11.9676 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–9,54,115 टी.पी.ए.(रोम) में स्थित है में बॉल क्ले, सिलिका सेंड, ग्रेवल कंकर एवं मुर्ररम के खनन की पर्यावरण स्वीकृति हेतु जनसुनवाई जिला कलक्टर बीकानेर के प्रतिनिधि श्री राजेश कुमार नायक, उपखण्ड अधिकारी, कोलायत, जिला–बीकानेर की अध्यक्षता में एवं क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, बीकानेर की उपस्थिति में ग्राम पंचायत भवन गंगापुरा, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर में दिनांक 08.06.2026 को दोपरह 3.00 बजे आयोजित की गई।

जनसुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट "अ"** पर सलंग्न है। जनसुनवाई बाबत विज्ञप्ति दिनांक 02.05.2026 को समाचार पत्र 'राजस्थान पत्रिका' एवं 'दैनिक कामयाब कलम' में प्रकाशित करवाई गई थी जिसकी प्रतियाँ **परिशिष्ट "ब"** पर संलग्न है।

बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, बीकानेर ने सभी आगुन्तको का स्वागत करते हुए अवगत करवाया कि उक्त जनसुनवाई वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 एवं संशोधित अधिसूचनाओं में दिये गये प्रावधानों के अंतर्गत क्षेत्रीय कार्यालय, बीकानेर द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें जिला कलक्टर महोदय की तरफ से उपखण्ड अधिकारी, कोलायत को प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। उक्त जन सुनवाई की सूचना दो समाचार पत्रों में 30 दिवस पूर्व दी जा चुकी है। क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को बताया गया कि उक्त खनन परियोजना से सम्बन्धित सम्पूर्ण जानकारी खनन परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार द्वारा दी जायेगी। सभी जानकारी को ध्यानपूर्वक सुनने के पश्चात उपस्थित आमजन खनन परियोजना के सम्बन्ध में आपत्ति या सुझाव दर्ज करवा सकते है। उक्त जनसुनवाई की

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर (राजस्थान)

उपखण्ड मजिस्ट्रेट
कि... –बीकानेर

विडियोग्राफी भी करवाई जा रही है। जनसुनवाई की विडियोग्राफी एवं दिये गये आक्षेप/सुझाव क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) को प्रेषित कर दिये जायेगें। इसके पश्चात उपखण्ड अधिकारी, कोलायत की अनुमति से प्रस्तावित परियोजना के सम्बन्ध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण हेतु **मैसर्स इण्डियन सिरेमिक्स** के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **"मैसर्स यूनिवर्सल एन्वायरोटेक"** को आमंत्रित किया गया।

परियोजना के पर्यावरणीय तकनीकी सलाहकार **"मैसर्स यूनिवर्सल एन्वायरोटेक"** के प्रतिनिधि द्वारा खनन परियोजना का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया जिसके अन्तर्गत बताया गया कि उक्त खनन परियोजना चक 1, निकट ग्राम गंगापुरा, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर में अप्रधान खनिज– बॉल क्ले, सिलिका सेंड, ग्रेवल कंकर एवं मुर्ररम के खनन हेतु प्रस्तावित है **जिसका एम. एल. नम्बर 23/2023 (रेफरेन्स नम्बर 20231000087134),** कुल खनन क्षेत्रफल **4.9797** हेक्टेयर तथा उत्पादन क्षमता **4,56,200 टी.पी.ए. (रोम)** {**कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 11.9676 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता– 9,54,115 टी.पी.ए.(रोम)**} होगी। तत्पश्चात पर्यावरणीय सलाहकार ने खान की अवधि, खान का परिचय, खनन योजना, क्लस्टर परियोजना का विवरण मय नक्शा, खनिज भण्डार, खनन प्रक्रिया, जलवायु, जल बहाव, ढांचा और खनन गतिविधियों के द्वारा जैव विविधता, मिट्टी, पर्यावरणीय, वायु और ध्वनि पर्यावरण पर प्रभाव एवं उनके शमीकरण/रोकथाम के उपायों के बारे में बताया तथा साथ ही पर्यावरणीय मापदंडों की निगरानी कार्यक्रम एवं प्रस्तावित सामाजिक दायित्व (सी.एस.आर) के बारे में बताया।

खनन इकाई के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा खनन परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के पश्चात क्षेत्रीय अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह को इस खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए अवगत करवाया कि प्रस्तावित परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा प्रस्तावित खनन परियोजना के सम्बन्ध में प्रस्तुत की गयी विस्तृत जानकारी यथा प्रस्तावित परियोजना से पर्यावरण पर पड़ने वाले विपरित प्रभाव एवं नियंत्रण के उपाय, रोजगार, श्रमिकों की सुरक्षा, वृक्षारोपण आदि आमजन को दी गई है। उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित समस्त जनसमूह से खनन परियोजना के सम्बन्ध में अपने आक्षेप/सुझाव/आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु निवेदन किया गया साथ ही आश्वासन दिया गया कि आप द्वारा दिये गये आक्षेप/सुझाव/आपत्ति को रिकॉर्ड पर

क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर (राजस्थान)

उपखण्ड मजिस्ट्रेट
कोलायत
जिला–बीकानेर

लेकर उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्र में विकास की गति को बढाने एवं स्थानीय निवासियों को कम से कम परेशानी का सामना करना पडे इस हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है। पूर्व में जनसुनवाई में उठाये गये शिकायतों पर कार्यवाही करते हुए नियमानुसार राहत दिलवाने का प्रयास किया गया है।

श्री हरी, निवासी गंगापुरा द्वारा आक्षेप लगाया गया कि पूर्व में संचालित खनन इकाई में खनन परिवहन हेतु स्थानीय निवासियों के वाहनों के उपयोग किये जाने का निवेदन करने पर खनन पट्टा धारक द्वारा बताया गया कि खनन इकाई में स्वयं के वाहन कार्यरत है। यद्धपि स्थानीय निवासियों के वाहन उपयोग में लेना आवश्यक है इस हेतु लिखित एस.डी.एम. सर से अनुमति लाने का कहा गया। जिससे प्रत्युत्तर में उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा अवगत करवाया गया कि यदि खनन पट्टा धारक के पास स्वयं के वाहन उपलब्ध हो तो अन्यत्र से वाहन लिया जाना आवश्यक नहीं है। उपखण्ड अधिकारी महोदय द्वारा इस सम्बन्ध में यह भी अवगत करवाया गया कि उक्त प्रकरण में खनन मालिकों से चर्चा की जाकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

अन्त में ग्रामवासियों द्वारा अन्य कोई आपत्ति/आक्षेप प्रस्तुत नहीं किये जाने पर उपखण्ड अधिकारी महोदय की अनुमति से क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा जनसुनवाई के समापन की घोषणा की एवं उपखण्ड अधिकारी महोदय तथा उपस्थित जन समुदाय का जन सुनवाई में आने के लिए आभार प्रकट किया। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि जनसुनवाई के दौरान कोई लिखित आक्षेप/आपत्ति प्राप्त नहीं हुआ।

**(राजकुमार मीणा)**
**क्षेत्रीय अधिकारी**
**रा.रा.प्र.नि.म., बीकानेर**
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल
बीकानेर (राजस्थान)

**(राजेश कुमार नायक)**
**उपखण्ड अधिकारी, कोलायत**
**बीकानेर**
उपखण्ड मजिस्ट्रेट
कोलायत जिला बीकानेर

<u>उपस्थिति पंजिका</u>

प्रस्तावित खनन परियोजना मैसर्स इण्डियन सिरेमिक्स, एम. एल. नम्बर 23/2023 (रेफरेन्स नम्बर 20231000087134), क्षेत्रफल 4.9797 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 4,56,200 टी.पी.ए. (रोम) (मार्केटेबल बॉल क्ले–2,02,500, सिलिका सेंड–88,400, ग्रेवल कंकर एवं मुर्ररम–88,400, कुल रिजेक्ट/सबग्रेड–22,500, कुल वेस्ट/ओबी–54,400), निकट ग्राम चक 1, गंगापुरा, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि क्लस्टर परियोजना {एम. एल. नम्बर 23/2023 (रेफरेन्स नम्बर 20231000087134), एम.एल. नम्बर 03/2019, एम.एल. नम्बर 16/2018} कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 11.9676 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–9,54,115 टी.पी.ए.(रोम) में स्थित है में बॉल क्ले, सिलिका सेंड, ग्रेवल कंकर एवं मुर्ररम के खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 08.06.2026 को आयोजित जन सुनवाई की बैठक।

स्थानः– ग्राम पंचायत भवन गंगापुरा, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर
दिनांकः–08.06.2026 समय दोपहर 3.00 बजे

| क्र.स. | नाम | पद एवं विभाग/कार्यालय/निवासी | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | राकेश कुमार नागर | SDO, कोलायत | [signature] |
| 2 | रेवन्त राम | | रेवन्तराम |
| 3 | Rjkumar Meena | R.O. RSPCB Bikaner | [signature] |
| | | | |
| | करिकिशन | गंगापुरा | करिकिशन |
| | हर्ष सोलंकी | बीकानेर | [signature] |
| | किशोरसिंह | गंगापुरा | किशोरसिंह |
| | भैरूपाल | गंगापुरा | भैरूपाल |
| | तारूराम | बीकानेर | तारूराम |
| | जगदीशराम | गंगापुरा | जगदीशराम |
| | लूणाराम | गंगापुरा | लूणाराम |
| | जेठाराम | कोलायत | जेठाराम |
| | मालाराम | कोलायत | [signature] |

# उपस्थिति पजिंका

प्रस्तावित खनन परियोजना मैसर्स इण्डियन सिरेमिक्स, एम. एल. नम्बर 23/2023 (रेफरेन्स नम्बर 20231000087134), क्षेत्रफल 4.9797 हैक्टेयर, उत्पादन क्षमता 4,56,200 टी.पी.ए. (रोम) (मार्केटेबल बॉल क्ले–2,02,500, सिलिका सेंड–88,400, ग्रेवल कंकर एवं मुर्रम–88,400, कुल रिजेक्ट/सबग्रेड–22,500, कुल वेस्ट/ओबी–54,400), निकट ग्राम चक 1, गंगापुरा, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर जो कि क्लस्टर परियोजना {एम. एल. नम्बर 23/2023 (रेफरेन्स नम्बर 20231000087134), एम.एल. नम्बर 03/2019, एम.एल. नम्बर 16/2018} कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 11.9676 हैक्टेयर, कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता–9,54,115 टी.पी.ए.(रोम) में स्थित है में बॉल क्ले, सिलिका सेंड, ग्रेवल कंकर एवं मुर्रम के खनन की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु दिनांक 08.06.2026 को आयोजित जन सुनवाई की बैठक।

स्थानः– ग्राम पंचायत भवन गंगापुरा, तहसील–कोलायत, जिला–बीकानेर
दिनांकः–08.06.2026 समय दोपहर 3.00 बजे

| क्र.स. | नाम | पद एवं विभाग/कार्यालय/निवासी | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| | भैरवसिंह | | |
| | मनोहरलाल | बीकानेर | |
| | Sharad Kochhar | | |
| | ईश्वरनारायण | | |
| | Bashir Kaplish | | |
| | रूपाराम | | |
| | जयपाल | | |
| | [illegible] | | |
| | Megharam | | |
| | Rakesh Kumar | Universal Envirotech Jaipur | |
| | Virendra | Universal Envirotech Jaipur | |
| | | | |
| | | | |